अब हरिद्वार से वाराणसी तक बनेगा गंगा एक्सप्रेस-वे

एक्सप्रेस-वे को मेरठ से हरिद्वार और प्रयागराज से वाराणसी तक बढ़ाने की तैयारी, एक्सप्रेस-वे के विस्तार का प्रस्ताव तैयार कर रही सरकार

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाले गंगा एक्सप्रेस-वे को अब हरिद्वार से वाराणसी तक बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा एक्सप्रेस-वे का विस्तार मेरठ से हरिद्वार और प्रयागराज से वाराणसी तक करने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। हरिद्वार से वाराणसी तक बनने वाला गंगा एक्सप्रेस-वे देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेस-वे होगा।

केंद्र सरकार के आम बजट में हड़बे, एक्सप्रेस-वे के निर्माण और विस्तार देने की योजना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में गंगा एक्सप्रेस-वे को मेरठ से बढ़ाकर हरिद्वार तक और प्रयागराज से वाराणसी तक विस्तार देने का प्रस्ताव जल्द तैयार करने के निर्देश दिए।

सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे के विस्तार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी को एक्सप्रेस हब बनाने की योजना को प्रभावी रूप से लागू किया जा सकेगा। पूर्वांचल के जिलों को एनसीआर के साथ दिल्ली तक सड़क मार्ग से सीधा संपर्क स्थापित होगा। इससे कोलकाता से लेकर दिल्ली तक वाराणसी और प्रयागराज समेत प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को मजबूती किया जा सकेगा।

गंगा एक्सप्रेस-वे के विस्तार के बाद इसकी लंबाई 150 किलोमीटर बढ़ जाएगी। यानी अब एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई 745 किमी होगी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज से वाराणसी तक के विस्तार में गंगा एक्सप्रेस वे के जरिए पूर्वांचल और विंध्य क्षेत्र के कई जिलों में विकास की नई राह खुलेगी। गंगा एक्सप्रेस-वे वाराणसी के साथ मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र और चंदौली को भी जोड़ा जाएगा। एक्सप्रेस-वे विस्तार के साथ ही इन क्षेत्रों में उद्योग और पर्यटन के विकास के साथ रोजगार की संभावना भी बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में गंगा एक्सप्रेस-वे की लंबाई कुल 594 किमी प्रस्तावित है। निर्माण की लागत 36,402 करोड़ रुपये तय की गई है। गंगा एक्सप्रेस-वे मेरठ, हापुड़, कुलंदशहर, अमरोहा, संभल, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव और रायबरेली, प्रतापगढ़ से होते हुए प्रयागराज तक पहुंचेगा। गंगा एक्सप्रेस-वे सिक्स लेन का होगा। भविष्य में 8 लेन तक बढ़ाया जा सकेगा।

150 किमी बढ़ जाएगी लंबाई

बलिया तक होगा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का विस्तार

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को का विस्तार भी बलिया तक करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को बलिया तक विस्तार देने का प्रस्ताव जल्द तैयार करने के निर्देश दिए हैं। ताकि केंद्र सरकार से मदद ली जा सके।